नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर

Mob. No. 7897475917, 9795471750
Website: www.mpm.ac.in
E-mail: mpmpg5@gmail.com

छात्र-संघ चुनाव परिणाम

सत्र : 2026-27

विजेता अध्यक्ष

श्री प्रियांश शर्मा

बी.एस-सी. पंचम सेमेस्टर



विजेता उपाध्यक्ष

श्री सचिन शर्मा

बी.एस-सी. पंचम सेमेस्टर



विजेता महामंत्री

श्री भानु प्रताप सिंह

बी.एड्. तृतीय सेमेस्टर



विजेता पुस्तकालय मंत्री

सुश्री पूजा सिंह

एम.एस-सी. तृतीय सेमेस्टर



पूर्णतः स्वदेशी सॉफ्टवेयर से कक्षाओं के नियमित संचालन के साथ सम्पन्न हुआ छात्रसंघ चुनाव

एम.पी.पी.जी. कॉलेज जंगल धूसड़ में तकनीक और लोकतंत्र का अनूठा संगम, 82.94 प्रतिशत हुआ मतदान

प्रियांश अध्यक्ष, सचिन उपाध्यक्ष, भानु प्रताप सिंह महामंत्री और पूजा पुस्तकालय मंत्री निर्वाचित

छात्रसंघ चुनाव को लेकर प्रचलित पारंपरिक व्यवस्थाओं से अलग तकनीक, पारदर्शिता और शैक्षणिक अनुशासन का अनूठा समन्वय महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में देखने को मिला। महाविद्यालय ने कक्षाओं के नियमित संचालन को बिना बाधित किए पूर्णतः स्वदेशी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न कराकर एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया। चुनाव में विद्यार्थियों ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के सहयोग से महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ के पुरातन छात्र श्री आयुष कुमार सिंह द्वारा विकसित **'MPM Voting Software'** के माध्यम से ऑनलाइन मतदान किया।

छात्रसंघ चुनाव में तकनीक का यह प्रयोग इसलिए महत्वपूर्ण रहा कि चुनावी प्रक्रिया के लिए न तो कक्षाओं को स्थगित करना पड़ा और न ही शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। कक्षा चली, मूल्यांकन हुआ, प्रत्याशियों ने योग्यता भाषण दिया और इसी शैक्षणिक अनुशासन के बीच विद्यार्थियों ने ऑनलाइन मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाई। महाविद्यालय का यह प्रयोग छात्रसंघ चुनाव को आधुनिक, सरल और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में सामने आया है।

महाविद्यालय के निर्वाचन अधिकारी डॉ. शिवकुमार बर्नवाल ने बताया कि संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया दो दिनों में पूरी की गई। 25 अगस्त को कक्षाओं के नियमित संचालन के साथ मासिक मूल्यांकन परीक्षा के माध्यम से कक्षा प्रतिनिधियों का निर्वाचन कराया गया। 26 अगस्त को पर्चा वापसी एवं नामांकन पत्रों की जांच के बाद कक्षा संचालन के पश्चात प्रत्याशियों के योग्यता भाषण कराए गए। शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक विद्यार्थियों ने स्वदेशी ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके महज एक घंटे बाद रात नौ बजे महाविद्यालय की वेबसाइट पर चुनाव परिणाम भी जारी कर दिए गए।

उल्लेखनीय है कि **'MPM Voting Software'** विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव के लिए विकसित किया गया स्वदेशी सॉफ्टवेयर है। महाविद्यालय इससे पहले भी

कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन शिक्षण के साथ ऑनलाइन छात्रसंघ चुनाव आयोजित कर नवाचार का उदाहरण प्रस्तुत कर चुका है।

प्रियांश अध्यक्ष, सचिन उपाध्यक्ष और भानु प्रताप सिंह महामंत्री निर्वाचित

महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर श्री प्रियांश शर्मा ने 687 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंद्वी श्री रितुराज सिंह को 97 मतों से पराजित किया। रितुराज सिंह को 590 मत प्राप्त हुए।

उपाध्यक्ष पद पर श्री सचिन शर्मा 457 मत प्राप्त कर विजयी रहे। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी सुश्री मनीषा को 156 मतों से पराजित किया। मनीषा को 301 मत मिले।

महामंत्री पद पर श्री भानु प्रताप सिंह ने 317 मत प्राप्त कर श्री कार्तिक सिंह को 39 मतों से पराजित किया। कार्तिक सिंह को 278 मत प्राप्त हुए।

वहीं, पुस्तकालय मंत्री पद पर सुश्री पूजा सिंह ने 726 मत प्राप्त कर सुश्री रविना निषाद को 201 मतों के अंतर से पराजित किया। रविना निषाद को 525 मत प्राप्त हुए।

चुनाव की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि 82.94 प्रतिशत मतदान रहा। इसे विद्यार्थियों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़ती भागीदारी और चुनाव व्यवस्था में उनके विश्वास का संकेत माना जा रहा है।

निर्वाचन अधिकारी डॉ. शिवकुमार बर्नवाल तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनीष कुमार त्रिपाठी ने सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी की सक्रिय भागीदारी से छात्रसंघ चुनाव-2026 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। उन्होंने रिकॉर्ड मतदान के लिए छात्र मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।